बर्षः- 05
अंकः- 306
मुरादाबाद
(Saturday)
28 February 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी ने इजरायल दौरे का अनुभव साझा किया, बोले- हमारी पार्टनरशिप आगे बढ़ती रहे

पीएम मोदी ने अपने इस्राइल दौरे की यादें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। इस वीडियो में पीएम मोदी के इस्राइल दौरे की झलकियां हैं। इसके साथ पीएम मोदी ने लिखा है कि दोनों देशों की साझेदारी बढ़ती रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय इस्राइल दौरे से वापस लौट चुके हैं। भारत लौटने के बाद पीएम मोदी ने अपने इस्राइल दौरे का अनुभव साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने इस दौरे की अहम बातों को वीडियो में शेयर किया है।



वीडियो में इस्राइल दौरे के दौरान पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत, इस्राइल में भारतीय समुदाय के साथ उनकी मुलाकात, उनके आगमन पर भारतीय सांस्कृतिक नृत्य, इजरायली संसद में प्रधानमंत्री का स्वागत, तालियों और नारों की गूंज की झलकियां दिखाई गई हैं। इसके साथ ही इस्राइली संसद में पीएम मोदी का संबोधन, इस्राइल का सर्वोच्च सम्मान मिलना और दोनों देशों के बीच हस्ताक्षर किए गए एमओयू के पलों को भी दिखाया गया।भारत-इस्राइल के बीच इन क्षेत्रों में बढ़ेगा सहयोग

इस वीडियो को साझा कर पीएम मोदी ने लिखा, %इस्राइल की खास यात्रा की कुछ खास बातें, जिसमें अच्छी बातचीत और मजबूत सहयोग शामिल था। आने वाले समय में हमारी पार्टनरशिप और बढ़ती रहे!

दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों पर आपसी सहमति बनी। इनमें रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, तकनीक और कृषि जैसे अहम क्षेत्रों में आपसी सहयोग शामिल है। इसके अलावा, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए, इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) और भारत-इजरायल-यूएई-यूएसए (आई2यू2 ) पर भी नई गति से आगे बढ़ने पर रजामंदी हुई। प्रधानमंत्री मोदी की इस्राइल यात्रा के दौरान जो समझौते/ एमओयू हुए उनमें जियोफिजिकल एक्सप्लोरेशन के फील्ड में सहयोग पर एमओयू हुआ, जो एडवांस्ड जियोफिजिकल और एआई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके मिनरल एक्सप्लोरेशन में भारत-इस्राइल सहयोग को बढ़ाता है। डेटा शेयरिंग, निवेश और सतत संसाधन विकास को बढ़ावा देता है।

नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स (एनएमएचसी), लोथल, गुजरात के विकास के लिए एमओयू हुआ, जो प्रदर्शनियों, शोध, प्रकाशनों और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के माध्यम से साझा समुद्री विरासत को बढ़ावा देता है तथा राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर और व्यापक जन-भागीदारी का समर्थन करता है।

यूपीआई को लागू करने के लिए एनपीसीआई इंटरनेशनल (एनआईपीएल) और एमएएसएवी, इजरायल के बीच हुआ। इसका उद्देश्य यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई ) के माध्यम से भारत और इजरायल के बीच सीमा-पार प्रेषण (रेमिटेंस ) को सक्षम बनाना है। भारत-इस्राइल इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर (आईआईएनसीए ) की स्थापना पर आईसीएआर और एमएएसएचएवी के बीच एमओयू हुआ। होराइजन स्कैनिंग के क्षेत्र में सहयोग पर इरादे की घोषणा हुई। मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र में सहयोग पर एमओयू हुआ। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) और इजरायल सिक्योरिटीज अथॉरिटी (आईएसए) के बीच एमओयू, एआई में सहयोग और इसके उपयोग से शिक्षा को आगे बढ़ाने पर एमओयू, इजरायली इंस्टीट्यूट ऑफ कमर्शियल आर्बिट्रेशन (आईआईसीए) और इंडियन काउंसिल ऑफ आर्बिट्रेशन (आईसीए ) के बीच समझौता, चौथे भारत-इजरायल सीईओ फोरम की रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण और नालंदा विश्वविद्यालय और हिब्रू यूनिवर्सिटी ऑफ जेरूसलम (एचयूजेआई ) के बीच एमओयू हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### अरविंद केजरीवाल के बरी होने से AAP में होली का जश्न, भाजपा बोली- उच्च अदालत में होगा न्याय

अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में बरी किए जाने पर आप ने इसे सत्य की जीत बताया, जबकि भाजपा ने कहा कि सीबीआई इस मामले में उच्च न्यायाल में अपील करने जा रही है और मामले का अंतिम सच सामने आना बाकी हैआम आदमी पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल को अदालत ने शराब घोटाले से बरी कर दिया है। केजरीवाल के साथ-साथ इस मामले में सह आरोपी बनाए गए अन्य लोगों को भी बरी कर दिया गया है। इससे दिल्ली की सियासत अचानक गरम हो गई है। आम आदमी पार्टी ने इसे %सत्य की जीत% बताया है और कहा है कि केवल चुनावी जीत के लिए केजरीवाल पर झूठा केस गढ़ा गया था। पार्टी के अनुसार, इससे भाजपा की झूठ और बदले की राजनीति का पर्दाफाश हो गया है। पार्टी ने कहा है कि वह पूरी मजबूती के साथ इस मामले को दिल्ली की जनता के बीच ले जाएगी और भाजपा को बेनकाब करेगी। वहीं, भाजपा ने कहा है कि सीबीआई इस मामले में उच्च अदालत में अपील करने जा रही है और मामले का अंतिम सच सामने आना बाकी है। पार्टी ने कहा कि केजरीवाल शराब घोटाले के अलावा शिक्षा, मुख्यमंत्री आवास के पुनर्निर्माण और स्वास्थ्य सहित अनेक मामलों में आरोपी हैं। इन मामलों में अभी जांच-सुनवाई चल रही है। ऐसे में केजरीवाल अभी भी न्याय के कटघरे में खड़े हैं।खबर सामने आते ही आम आदमी पार्टी के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

## केजरीवाल बाइज्जत बरीः 598 पेज के आदेश में कोर्ट ने क्या कहा? जज ने CBI अधिकारियों पर ही कर दी कार्रवाई की बात

एक दिलचस्प टिप्पणी में जज ने कहा, जब आप किसी फाइल को बहुत गहराई से और बार-बार पढ़ते हैं, तो फाइलें आपसे बात करने लगती हैं। इसका इशारा चार्जशीट की विसंगतियों की ओर था, जहां हजारों पन्नों में कोई ठोस सबूत नहीं मिला। दिल्ली एक्साइज पॉलिसी घोटाले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई की हजारों पन्नों की चार्जशीट को पूरी तरह खारिज कर दिया। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने 598 पेज के अपने विस्तृत आदेश में कहा कि मुख्य चार्जशीट (24 नवंबर 2022) और चार पूरक चार्जशीटों में अपराध का एक भी ठोस सबूत नहीं है। अदालत ने सीबीआई जांच को विरोधाभासी और हेरफेर से भरी बताते हुए जांच अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश की। जज ने सीबीआई की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि दस्तावेज गवाहों के बयानों से मेल नहीं खाते, अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने में पूरी तरह विफल रहा, और कोई आपराधिक साजिश का साक्ष्य नहीं मिला। इस फैसले ने केंद्रीय एजेंसियों की निष्पक्षता पर गंभीर बहस छेड़ दी है। पेश तथ्य गवाहों के बयानों से मेल नहीं खाते



जज सिंह ने सुनवाई के दौरान एजेंसी पर कई बार नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि चार्जशीट में काफी विरोधाभास हैं। हजारों पेजों में पेश तथ्य गवाहों के बयानों से मेल नहीं खाते। फैसले में जेल में बिताए समय पर भी टिप्पणी की गई। अदालत ने नोट किया कि मनीष सिसोदिया करीब 530 दिन जेल में रहे, जबकि अरविंद केजरीवाल दो बार के अंतराल में 156 दिन हिरासत में थे। केजरीवाल को 13 सितंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई मामले में जमानत दी थी। जज ने सुनवाई के दौरान सीबीआई की चार्जशीट पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रस्तुत दस्तावेज चार्जशीट से मेल नहीं खाते। आरोप तय करने पर 12 फरवरी 2026 को फैसला सुरक्षित रखा गया था।साउथ ग्रुप शब्द के इस्तेमाल पर अदालत नाराज- अदालत ने सीबीआई द्वारा साउथ ग्रुप जैसे शब्दों के इस्तेमाल पर कड़ी नाराजगी जताई। जज ने पूछा, अगर जांच एजेंसी यही चार्जशीट चेन्नई में फाइल करती तो क्या साउथ ग्रुप लिखती? किसने ये शब्द बनाया? एजेंसी के वकील ने सफाई दी कि यह आरोपियों के लिए साझा शब्द था, लेकिन जज ने अमेरिका के एक केस का हवाला देते हुए कहा कि डोमिनिक ग्रुप जैसे शब्द के इस्तेमाल से केस खारिज हो गया था। उन्होंने माना कि %साउथ ग्रुप% जैसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए था, क्योंकि यह पूर्वाग्रहपूर्ण लगता है। केजरीवाल का नाम एफआईआर में नहीं राजनीतिक विद्वेष के लिए जोड़ा गया नाम- एन हरिहरन- सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने दलील दी कि उनके खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नहीं है। हरिहरन ने कहा, केजरीवाल सरकारी काम कर रहे थे। कोई साक्ष्य नहीं कि उन्होंने साउथ लॉबी से पैसे मांगे। उनका नाम पहले तीन चार्जशीट में नहीं था, चौथे पूरक में जोड़ा गया। जज ने सीबीआई की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कन्फेशनल स्टेटमेंट पर नाराजगी जताई। जब सीबीआई ने कहा कि बयान सील कवर में है, तो जज बिफर पड़े, मुझे अभी तक कॉपी नहीं दी गई। मैं जांच एजेंसी के वकीलों से पूरी ईमानदारी की उम्मीद करता हूं। हजारों पन्नों में कोई ठोस सबूत नहीं मिला- एक दिलचस्प टिप्पणी में जज ने कहा, जब आप किसी फाइल को बहुत गहराई से और बार-बार पढ़ते हैं, तो फाइलें आपसे बात करने लगती हैं।% इसका इशारा चार्जशीट की विसंगतियों की ओर था, जहां हजारों पन्नों में कोई ठोस सबूत नहीं मिला। सीबीआई ने आरोप लगाया था कि एक्साइज पॉलिसी 2021-22 में पब्लिक सर्वेंट्स और प्राइवेट व्यक्तियों ने साजिश रची, लेकिन अदालत ने इसे अनुमान-आधारित बताया।

## अखिलेश यादव बोले- भाजपाई कपटजीवी, केजरीवाल का आरोप मुक्त होना उनके लिए नैतिक मृत्युदंड, जैसा

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि केजरीवाल का कथित शराब घोटाले में आरोप मुक्त होना भाजपा के लिए नैतिक मृत्युदंड जैसा है। केजरीवाल के साथ सत्य और न्याय दोनों खड़े हैं।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बहुचर्चित आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में आरोप मुक्त करार दिए जाने को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा के लिए नैतिक मृत्युदंड करार दिया है। उन्होंने भाजपा को कपटजीवी करार दिया है।उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि आज दिल्ली के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ सत्य और न्याय दोनों खड़े हैं। आरोप कभी इतना बड़ा नहीं हो सकता कि



वो सच को आच्छादित कर ले। आज हर ईमानदार आशा भरी साँस लेगा और भाजपा के समर्थक शर्म के मारे घोर आत्म-लज्जित हो रहे होंगे। भाजपा ने दिल्ली के निवासियों से विश्वासघात किया है।जो कपटजीवी सनातनी शंकराचार्य जी, साधु, संतों, संन्यासियों तक पर झूठे आरोप लगाने का महापाप करते हैं, वो भला किसी सरकार, दल या किसी व्यक्ति को बदनाम करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं, इसकी कल्पना कोई शरीफ़ आदमी कर ही नहीं सकता है। आज़ादी से पहले, वर्तमान सत्ता के जो 'संगी-साथी' देश के दुश्मनों से मिले हुए थे और स्वतंत्रता सेनानियों को फाँसी के फंदों तक पहुँचाने के लिए, आज़ादी के दीवानों के ख़िलाफ़ मुख़बिरी जिनका काम रहा है और जो देश को गुलाम बनानेवाले साम्राज्यवादियों के माफ़ी-वज़ीफ़े पर रहकर अपनी भूमिगत भूमिका निभाते रहे हैं, छल-छलावे के वो विचारवंशी भाजपाई, आज किसी को मुँह दिखाने लायक नहीं बचे हैं। भाजपा के लिए ये समाचार किसी 'नैतिक मृत्युदंड' से कम नहीं है।वहीं, केजरीवाल आरोपों को खारिज हो जाने पर मीडिया के सामने भावुक हो गए और रो पड़े। उन्होंने कहा कि मैं भ्रष्ट नहीं हूं।

## केजरीवाल शराब घोटाले में आरोप मुक्त, आप सांसद संजय सिंह बोले- देश से माफी मांगें पीएम नरेंद्र मोदी

आप सांसद संजय सिंह ने आप नेता अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के आरोप मुक्त करार दिए जाने पर कहा कि पीएम मोदी व भाजपा ने इन नेताओं को बदनाम करने के लिए षड्यंत्र रचा था। उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आरोप मुक्त करार दिए जाने पर आप



सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर हमला बोला।उन्होंने कहा कि आज अदालत ने अपने फैसले में कह दिया है कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के नेता ईमानदार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने देश के सबसे ईमानदार दल आम आदमी पार्टी को बदनाम करने के लिए षड्यंत्र रचा और आज यह षड्यंत्र नाकाम हो गया। अब अगर प्रधानमंत्री में जरा भी शर्म बची हो तो वह पूरे देश से माफ़ी मांगें और कहें कि उन्होंने आप को बदनाम करने के लिए यह षड्यंत्र रचा था। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और पूरी आम आदमी पार्टी, भाजपा की तानाशाही के सामने चट्टान की तरह डटकर लड़ते रहे और आगे भी लड़ते रहेंगे।

## सीएम योगी ने दिए निर्देश, सभी कर्मचारियों का वेतन होली से पहले देना सुनिश्चित करें, तीन मार्च को भी छुट्टी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान होली से पहले करने का निर्देश दिया है और कहा कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के पर्व से पहले ही सभी कर्मचारियों को वेतन का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि त्योहार के मद्देनजर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग तय समयसीमा का कड़ाई से पालन करें।मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही आउटसोर्सिंग, संविदाकर्मी, सफाईकर्मी समेत सभी श्रेणी के कर्मियों का भुगतान भी त्योहार से पहले सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि किसी भी कर्मचारी को पर्व के दौरान आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी के साथ मुख्यमंत्री ने शनिवार 28



फरवरी को कार्यदिवस घोषित कर दिया है। वहीं, कर्मचारियों को 03 मार्च का अवकाश दिया जाएगा। होली पर्व के अवसर पर 2, 3 और 4 मार्च को अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी है कि भुगतान और अवकाश संबंधी आदेशों के पालन में किसी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कर्मचारियों के हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी।10 मार्च तक संपत्तियों का ब्योरा देने वाले राज्य कर्मियों को मिलेगा वेतन- चल-अचल संपत्ति का विवरण न देने वाले राज्यकर्मियों को 10 मार्च तक ब्योरा देने पर जनवरी का वेतन जारी किया जाएगा। लेकिन 31 जनवरी 2026 तक विवरण न देने वाले 47816 कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। मुख्य सचिव एसपी गोयल द्वारा जारी शासनादेश के मुताबिक, 24 नवंबर 2025 को जारी आदेश के तहत कर्मचारियों को 31 जनवरी 2026 तक चल-अचल संपत्ति का विवरण देना था। 6 जनवरी 2026 को स्पष्ट किया गया था कि जो कर्मचारी विवरण अपलोड नहीं करेंगे, उन्हें जनवरी का वेतन नहीं मिलेगा। 31 जनवरी तक 47,816 कर्मचारियों ने ब्योरा नहीं दिया। सरकार ने 26 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक एक बार फिर अवसर दिया है, लेकिन इसे प्रतिबंधों के साथ जोड़ा गया है। संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान चयन वर्ष में पदोन्नति पर विचार नहीं किया जाएगा।

संपादकीय Editorial

## The Truth About the Trade Agreement

We are a democratic country, and therefore, freedom of expression and protest are our constitutional and fundamental rights. We can criticize and oppose the Prime Minister, ministers, the government, and its policies, but these rights are not absolute. They have their own limits, time, and boundaries. Just read the relevant chapter of the Constitution. These rights should not disrupt the public order of the country. Protests cannot be started by entering someone's home. The disturbance caused by "unpaid" Youth Congress workers at the AI ??Summit was condemned by the country, and even Congress allies opposed and expressed outrage, as it was a matter of national honor. The entire country was left empty-handed when it came to protesting against Prime Minister Modi and the trade agreement with the United States. Protest sites have been identified in the capital, Delhi. Congress youth members attempted to disrupt a global forum. The Delhi Police has filed cases under several non-bailable and serious sections, and eight rioters are in their custody. The Congress party is calling these rioters "Babbar Lions" and inciting such protests. Sections of criminal conspiracy, acts against national integrity, participating in and inciting riots, and assaulting a public servant have been invoked in the case. Youth Congress President Udaybhanu Chib has also been remanded. The issue has now been transformed into a trade agreement versus farmers versus the Prime Minister. Bhopal was chosen for the first rally of the "Kisan Mahachaupal" because Madhya Pradesh has approximately 8.35 million farmers. Madhya Pradesh is known as the "Soy State," producing approximately 45 percent of the country's soybeans. Approximately 5 million farmers cultivate soybeans. The reality of the country is that India imports approximately 60 percent of soybeans and edible oil from Argentina and 20 percent from Brazil. Only 2 percent of edible oil is imported from the United States. India has been importing 75% of its edible oil and pulses for decades because India's consumption is so high, and Indian farmers are unable to produce it. India imports a total of ?1.61 lakh crore worth of edible oil. Hasn't India been sold in these decades? Or haven't farmers been destroyed? Leader of the Opposition Rahul Gandhi has made serious allegations against Prime Minister Modi, alleging that he sold India through the trade agreement with the United States. He destroyed the textile industry, destroyed farmers (in terms of soybeans and cotton), and handed over crucial data about the country to the United States. Since Rahul Gandhi is the Leader of the Opposition in the Lok Sabha, it is his political responsibility to constantly oppose the Prime Minister. In Indian democracy, the Leader of the Opposition is called the "shadow Prime Minister," as it holds the second most important position. Rahul Gandhi can say anything, but the truth is that a trade agreement with the United States has not yet been reached. Only a framework was reached, which can be rejected at any time. Now, following the US Supreme Court's ruling on "illegal tariffs," both sides are reconsidering, and a meeting has even been postponed. If the deal wasn't even made, how was the country sold? Furthermore, the Indian government's Commerce Minister and Agriculture Minister have already clarified in writing which agricultural, food, dairy products, and spices were not permitted to enter the Indian market. So, how was the deal struck in the national interest? The Leader of the Opposition should not confuse and mislead the country. Congress will now organize such Maha Chaupals in Maharashtra and Rajasthan as.

# Congress Unconcerned About Alliances

The semi-nude demonstration by the Youth Congress at the recent AI Impact Summit, coupled with the vocal disagreement of other INDIAN constituents, is a signal for the Congress to seriously reconsider its position and direction, but perhaps it is unwilling to listen. Fissures within INDIAN have been exposed, exposing the Congress's directionlessness. Questions have been raised about Rahul Gandhi's leadership, and concerns about defections have been raised. A suggestion has been made to hand over leadership to regional leaders. An editorial in Shiv Sena (UBT) mouthpiece "Saamana," along with comments by Sanjay Baru, former media advisor to Prime Minister Manmohan Singh, and former Union Minister Mani Shankar Aiyar, had already exposed the fissures within the opposition party front, and the semi-nude demonstration by the Youth Congress at the AI ??Summit has further exposed the Congress's directionlessness. It seems Congress has no sense of responsibility to the nation or opposition unity. Despite the Congress's third consecutive disappointing defeat in the Lok Sabha elections, other opposition parties showed generosity by accepting Rahul Gandhi as the Leader of the Opposition, but the Congress has never shown the maturity to take other parties along, both inside and outside Parliament. Rahul Gandhi expects other parties to faithfully follow whatever strategy he sets, both inside and outside Parliament. The INDIAN was formed by uniting two dozen opposition parties almost a year before the 2024 Lok Sabha elections to defeat the BJP. The BJP's victory at 240 seats after twice securing absolute majorities was seen as a success for this front, but nothing significant seems to be happening in the alliance's favor after the Lok Sabha elections. The increasingly exposed fissures between the parties indicate that despite their friendship, the distance between the parties remains. Speaking of successes, the Jharkhand and Jammu and Kashmir assembly elections were won, but the Congress remains marginalized there. It suffered defeats in Maharashtra, Haryana, Delhi, and Bihar. Of these, the defeats in Maharashtra and Bihar would be more appropriate to call shameful. The alliance appeared to be completely unraveling during the local body elections in Maharashtra. Assembly elections are scheduled for four states and one union territory this year, but there is no sign of any activity within the INDI, let alone any activity within the alliance. Trinamool Congress supremo Mamata Banerjee appears to be at loggerheads with the Election Commission over the SIR. In Tamil Nadu, Chief Minister MK Stalin and his party, the DMK, have launched a front against everyone from the Election Commission to the BJP. In Bengal, Mamata is pursuing a solo campaign. The Congress, which last year allied with the Left Front, is now looking to go it alone. In Kerala, the main electoral contest is between the ruling Left Front and the Congress-led UDF. Therefore, while there is no scope for mutual coordination in state politics, at least at the national level, as members of the same alliance, the INDI should speak in unison on all political issues. The DMK and Congress have a long-standing alliance in Tamil Nadu, but even there, cracks have become so severe that second-tier Congress leaders like Manikam Tagore and Praveen Chakravarthy are targeting the DMK. As a result, the DMK has been forced to demand action against them. After much speculation, seat-sharing talks are now underway between the DMK and Congress. Assembly elections in Uttar Pradesh are scheduled for 2027, but Congress's absence from the ongoing SIR there also signals a strain in its relationship with the Samajwadi Party. The editorial "Confusion of Internal Voices" asks Congress: Mamata Banerjee, Stalin, or someone else? The editorial calls for the alliance to wake up and engage in dialogue before the upcoming assembly elections in several states, calling the comments of Mani Shankar Aiyar, Sanjay Baru, and Bhupen Bora "confusion of internal voices." While Baru has suggested Mamata Banerjee lead the INDI, comments by Aiyar, long considered close to the Nehru-Gandhi family, are being seen as a questioning of Rahul Gandhi's leadership. Even in Kerala, the only state where Congress is likely to win, Aiyar has predicted a Left Front victory for the third consecutive term and praised Chief Minister Vijayan. He considers Stalin a better fit for INDI. The Congress has sought to distance itself from Aiyar by dismissing his comments as personal, citing no party affiliation, but the debate continues unabated in political circles across Kerala and Tamil Nadu. While Shashi Tharoor's tone may have changed after meeting Rahul Gandhi, the bitterness that preceded it is evident. Former Assam Congress President Bhupen Bora even reversed his decision to withdraw his resignation after speaking with Rahul Gandhi and joined the BJP on the date announced by Himanta Biswa Sarma. Nearly a decade ago, Himanta also left the Congress party, displeased with Rahul Gandhi's working style. After playing a key role in the BJP's expansion in the Northeast, he is now the Chief Minister of Assam and a favorite of the BJP high command. Defections often involve claims of opportunism, pressure, and inducement. These cannot be completely dismissed, but defections are also a result of distrust in the leadership's capabilities and the party's political prospects. Rahul Gandhi should at least introspect on the exodus of young leaders, often considered members of his team, from the Congress party. If he cannot devote sufficient time to them, he should  Then take the initiative to hand over the leadership of INDIAA to a full-time regional leader like Mamata Banerjee or Stalin. The vocal disapproval of INDIAA's other constituents over the semi-nude performance by the Youth Congress at the recent AI Impact Summit is also a signal to the Congress party to seriously reconsider its position and direction, but it seems it is unwilling to listen.

# Taking advantage of trade agreements is not easy.

To transform the country into an economic power through trade agreements, officials must be educated and trained to meet the needs of the new era, and research, development, and innovation must be increased in the government and private sectors. India is entering into free trade agreements with several countries. The FTA with the European Union is crucial for global trade. Quality and logistics improvements are essential to increase exports. In the past few years, India has progressed on the path of free trade with many countries through free trade agreements (FTAs). This has increased export access for Indian goods to global markets. Yesterday, PM Modi stated that India's FTA with Israel will soon take shape, and India will soon become the third largest economy. Following the US Supreme Court's invalidation of the global tariffs imposed by President Trump, a temporary 15 percent global tariff has been imposed on all countries, including India, for 150 days, starting February 24th. After this period, the US Congress will decide whether to extend it. The US administration still has several remaining powers to impose tariffs. Trump has stated that the trade agreement with India will be implemented as previously agreed upon once the US Congress approves the tariff resolution. While the temporary reduction in tariffs for the next 150 days is beneficial for increasing exports, an interim trade agreement between the two countries will be beneficial for increasing exports to the US. The US is India's largest market. Trade between India and the US was projected to reach $131.84 billion in the 2024-25 fiscal year. India exported $65.88 billion to the US between April and December of the 2025-26 fiscal year. Therefore, an interim trade agreement with the US will be crucial for increasing Indian exports. The tariffs and trade disruptions initiated by the US have pushed India to seek alternative markets and form new trade alliances. In this context, India signed several trade agreements last year and is preparing to implement several new ones this year, including the crucially important free trade agreement with the European Union (EU). During the recent AI Summit, several EU heads of state expressed support for the early implementation of the India-EU FTA signed on January 27th. This FTA is a unique example of synergy between the world's two largest economies. It has been called the mother of all trade agreements. This FTA will create a common market of two billion people, whose combined market will account for approximately a quarter of global gross domestic product (GDP). It is estimated that this FTA will be implemented within the next six months. Last year, India's FTAs ??with the UK and Oman will be implemented this April, and the FTA with New Zealand will be implemented in September. In addition, FTAs ??signed with Mauritius, the United Arab Emirates, Australia, and the European Free Trade Association (AFTA), a group of four European countries, will also boost exports this year. New FTAs ??are also expected this year with other key countries, including Peru, Chile, ASEAN, Mexico, Canada, South Africa, Israel, and the India-Gulf Countries Council. This presents a favorable outlook for export growth. However, given the Trump administration's constantly shifting stance, it would be appropriate for India to accelerate trade agreement negotiations with other countries. Increasing India's exports amid global challenges is no easy task. India must move forward with a new export strategy. The Union Budget presented by the Finance Minister on February 1st outlined several strategic measures to boost exports, focusing on key sectors such as manufacturing, textiles, leather, and seafood. We must focus on product quality and new reforms from the outset of the new fiscal year. To increase exports, we must also focus on product quality and new reforms. Trade agreements are currently mere paper documents. Their full benefits will only be realized if India advances new-generation reforms and quality production. While new trade agreements will help India gain access to major global markets, to become a trading powerhouse, we must produce high-quality goods at attractive prices. A report by Systematics Group states that for India to reap maximum benefits from trade agreements, it must first rapidly advance reforms such as cost-effective quality production, simplifying logistics and customs procedures. Exporters' problems aren't limited to tariff increases; they also relate to anti-dumping duties. High domestic raw material costs and high fuel prices also result in Indian exports costing approximately 20% more than global counterparts. To transform the country into an economic powerhouse through trade agreements, officials must be educated and trained to meet the current needs, and research, development, and innovation must be increased in both the government and private sectors.

# छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर किशोर की मौत

## शरीर में लगी आग, लोगों में बिजली निगम के प्रति गुस्सा।

**क्यूँ न लिखूँ सच** /मुरादाबाद। घर की छत से दूसरे छत पर जाते समय 12 वर्षीय किशोर ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की जद में आ गया। गंभीर रूप से झुलसे किशोर को जिला अस्पताल लाया गया। जहां से दिल्ली एम्स में रेफर कर दिया गया।

मंगलवार को उसकी मौत हो गई। लोगों में बिजली विभाग के प्रति गुस्सा है।


◆पारिक। ( फाइल फोटो )

बुद्धि विहार के सटे क्षेत्र खुशहालपुर रोड स्थित शाहपुर तिगरी में कुलदीप शर्मा का बेटा पारिक शर्मा उर्फ अक्श शर्मा (12) दो दिन पहले अपनी छत पर खेल रहा था। इसी दौरान छत पर कबूतर बैठे थे, उन्हें देखने के लिए दूसरी छत पर जा रहा है। उसके हाथ में लोहे का कड़ा था, इससे वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया था।

वहां पर मैजूद लोगो ने बताया कि हाईटेंशन लाइन यहां कई घरों से ऊपर से गुजर रही है, घरों के लोग डर में जीने को विवश है। बेटा पारिक शर्मा उर्फ अक्श शर्मा मौत के लिए बिजली विभाग भी जिम्मेदार है।

# इस्लाम नगर में कॉटन वेस्ट के दो कारखानों में लगी आग, लाखों का नुकसान, शॉर्ट सर्किट से हादसे की आशंका



अमरोहा के स्थित इस्लाम नगर में सईद और दानिश के कॉटन वेस्ट कारखानों में भीषण आग लग गई। पांच दमकल गाड़ियों ने करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई गई है। अमरोहा के मोहल्ला लकड़ा स्थित इस्लाम नगर में बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे कॉटन वेस्ट के दो कारखानों में अचानक भीषण आग लग गई। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार उठता देख क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। इसके बाद बचाव कार्य शुरू किया गया। पुलिस के मुताबिक आग सईद और दानिश के कारखानों में लगी। कॉटन वेस्ट में आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकल विभाग की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। नगर थाना पुलिस और रज्जाक पुलिस चौकी की टीम ने भी पहुंचकर क्षेत्र की घेराबंदी की और आसपास के लोगों को सुरक्षित दूरी पर कराया। दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। संकरी गलियों और अंदर भरे ज्वलनशील सामग्री के कारण आग बुझाने में कठिनाई आई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। प्राथमिक आकलन के अनुसार आग से करीब 20 से 25 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। कारखानों में रखा कच्चा माल, तैयार माल और मशीनें जलकर राख हो गईं। सीओ अभिषेक यादव ने बताया कि दमकल विभाग ने आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई है।

# पूर्व सपा सांसद एसटी हसन के समधी की फैक्टरियों पर आयकर का डेरा, चौबीस घंटे से खंगाले जा रहे रिकॉर्ड

रामपुर के दो बड़े कारोबारियों नईम खां उर्फ बबलू और मुन्नन खां की तीन प्लाईवुड फैक्टरियों में आयकर टीमों ने सर्वे शुरू किया। तीनों जगहों पर 24 घंटे से लगातार जांच की जा रही है। इस दौरान किसी के अंदर-बाहर जाने नहीं दिया जा रहा है। कारोबारी मुरादाबाद के पूर्व सपा सांसद के रिश्तेदार हैं। रामपुर के दो बड़े कारोबारियों की तीन प्लाईवुड फैक्टरियों पर बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे से आयकर की टीमों डेरा डाले हुए हैं। इन फैक्टरियों में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी जांच जारी रही। मालिक नईम खां उर्फ बबलू और मुन्नन खां समेत फर्मों से जुड़े अन्य प्रमुख लोगों से पूछताछ भी की गई है। नईम खां उर्फ बबलू मुरादाबाद के पूर्व सांसद एवं सपा नेता डॉ. एसटी हसन के समधी हैं।आयकर टीमें फैक्टरी के भीतर तमाम दस्तावेज खंगालती रहीं। इन फैक्टरियों में दाखिल होने या बाहर जाने पर रोक लगाए रखी। टीमों के साथ आई सीआरपीएफ गेट से लेकर भीतर तक मुस्तैद रही। ये फैक्टरियां रामपुर के बघी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित हैं। नौ गाड़ियों से बड़ी संख्या में आए आयकर अधिकारियों ने औद्योगिक क्षेत्र में पहुंचते ही तीनों फैक्टरियों के बीच टीमों का बंटवारा कर लिया और एनजी प्लाईवुड, एमएन इंडस्ट्रीज, एमआई इंडस्ट्रीज के परिसरों में दाखिल हो गईं।तीनों फैक्टरियों के मालिक नईम खां उर्फ बबलू और मुन्नन खां गहरे दोस्त और कारोबारी पार्टनर हैं। सूत्रों ने इस कार्रवाई को आयकर सर्वे बताया है। इस दौरान फैक्टरियों से जुड़ी खरीद-फरोख्त, कारोबारी लेनदेन, भुगतान संबंधी सभी रिकॉर्ड की गहनता से जांच की गई। कुछ दस्तावेजों को जांच टीमों द्वारा कब्जे में लेने की बात भी कही जा रही है।नामचीन परिवारों के परिसरों में आयकर की जांच के दायरे में आने की बात जैसे-जैसे शहर में फैली, अन्य बड़े उद्यमियों और कारोबारियों में हड़कंप मचता चला गया। इन परिवारों से जुड़े तमाम लोगों को कुछ उद्यमियों ने फोन भी मिलाए लेकिन कॉल अटैंड नहीं हुई।जांच में लगे आयकर अधिकारियों ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। माना जा रहा है कि आयकर अधिकारी जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ब्रीफिंग करेंगे। उसके बाद स्पष्ट होगा कि इस जांच में आयकर विभाग टीम ने परिसर में मौजूद रिकार्ड को किस उद्देश्य से खंगाला है।पहले ईडी और फिर आयकर छापे की रही चर्चा- रामपुर में बृहस्पतिवार सुबह से आयकर टीमों की सक्रियता के दौरान शुरुआती घंटों में ईडी के छापे की चर्चा फैली रही। बाद में इस कार्रवाई को आयकर का छापा बताया गया, हालांकि रात में विभागीय सूत्रों ने इसे आयकर सर्वे बताया। कुछ समय तक स्थानीय प्रशासन भी इस कार्रवाई से अंजान रहा। बाद में एक प्रशासनिक अफसर ने दिल्ली से आई आयकर टीमों द्वारा फर्मों में जांच की बात कही। टीमों ने स्थानीय पुलिस की भी कोई मदद नहीं ली। साथ आई सीआरपीएफ टीमें ही मुस्तैद रहीं।



# मुरादाबाद में नमाज को जा रहे बेकरी संचालक की गोली मारकर हत्या, हिस्ट्रीशीटर साले ने वारदात को दिया अंजाम

जिगर कॉलोनी निवासी बेकरी संचालक मो. असद की बांग्ला गांव चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी। वह तरावीह पढ़ने जा रहे थे। मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के जिगर कॉलोनी निवासी बेकरी संचालक मो असद (62) की शुक्रवार शाम गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को उनके दूसरे साले जफर ने बांग्ला गांव चौराहे के पास अंजाम दिया। असद अपने छोटे साले मुजाहिद के साथ लाल मस्जिद में तरावीह की नजाम पढ़ने जा रहे थे ।हत्या के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शव को कब्जे में लिया। एसपी सिटी और सीओ सहित वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। आरोपी जफर एक हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी की तलाश में टीमें लगा दी हैं।प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। मो. असद अपने छोटे साले मुजाहिद के साथ लाल मस्जिद में तरावीह पढ़ने जा रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के बांग्ला गांव चौराहे के पास उनका दूसरा साला जफर सामने आ गया। जफर ने असद के सिर पर गोली मार दी, जिससे वह मौके पर ही गिर गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।



# रिहायशी इलाके में घुसा तेंदुआ, बाथरूम में बंद कर परिवार ने बचाई जान, मोहल्ले में लोगों की लगी भीड़

मुरादाबाद के रामगंगा विहार में एक घर में तेंदुआ घुस गया। परिवार ने उसे बाथरूम में बंद कर खुद बाहर निकलकर जान बचाई। वन विभाग और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। मुरादाबाद के रामगंगा विहार स्थित हरथला गंगा मंदिर के पास एक घर में तेंदुआ घुस गया। इससे पूरे मोहल्ले में हंगामा मच गया। इसी बीच मेघराज प्रजापति के परिवार ने तेंदुए को बाथरूम में बंद कर घर से बाहर भागकर अपनी जान बचाई। इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मची हुई है।बृहस्पतिवार को मेघराज के परिजनों को घर के अंदर कुछ आहट महसूस हुई। जब उन्होंने देखा तो बाथरूम में एक तेंदुआ बैठा था। बिना देर किए परिवार ने बाथरूम का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद उन्होंने शोर मचाना शुरू किया। इसके बाद मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए।सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस भी मौके पर मौजूद है। वन विभाग की टीम तेंदुए को रेस्क्यू करने का प्रयास कर रही है। उधर, आशियाना में सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान के पास भी घरों में तेंदुआ देखे जाने की सूचना है।  वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए को पकड़ने का अभियान शुरू किया है। टीम ने घर को चारों ओर से घेर लिया है ताकि तेंदुआ बाहर न निकल सके। स्थानीय पुलिस भी भीड़ को नियंत्रित करने में मदद कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि तेंदुए को बेहोश कर सुरक्षित जंगल में छोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। तेंदुए के रिहायशी इलाके में घुसने से लोगों दहशत है। लोगों को अपने घरों में रहने और बच्चों को बाहर न निकलने देने की सलाह दी गई है।



## संक्षिप्त समाचार

# रोजे के बीच मुस्लिमों ने रंग एकादशी जुलूस का किया स्वागत, मुरादाबाद में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब

रंग एकादशी पर निकली शोभायात्रा के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने फूल-माला से स्वागत कर आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की। शहर में विभिन्न समितियों द्वारा जुलूस और होली उत्सव का आयोजन हुआ। रंगों और फूलों की होली के बीच गंगा-जमुनी तहजीब का संदेश दिया गया।रंग एकादशी के पर मुरादाबादवासी होली के रंगों में सराबोर नजर आए। विभिन्न समितियों की ओर से शोभायात्राएं निकाली गईं और सामाजिक संगठनों ने सेवा कार्य किए। क्लबों में होली उत्सव का आयोजन किया गया। कई जगहों पर रंगों के साथ फूलों की होली खेल एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गईं।राष्ट्रीय पर्व होली समिति की ओर से खत्री धर्मशाला से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों के बीच निकले जुलूस का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। जुलूस के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने आगे बढ़कर फूल-माला पहनाकर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया।कई स्थानों पर शर्बत और जलपान की व्यवस्था भी की गई। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी। वक्ताओं ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हैं। रंग एकादशी के मौके पर दिखी यह एकजुटता शहर की गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान है।शोभायात्रा का शुभारंभ विधायक रितेश ने नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाते हुए और झूमते-नाचते हुए आगे चलते हुए नजर आए। वहीं शिव बारात, शिव पार्वती, भगवान गणेश समेत अन्य कई भगवानों की झांकियों ने भक्तों को मन मोह लिया। वहीं राधा-कृष्ण की हुरियारी मस्ती में शहरवासी सराबोर हो उठे। शोभायात्रा में रंगों के पर्व की भव्य छटा छाई हुई थी। इस दौरान श्रद्धालु लाल, पीले, हरे रंगों में रंगे नजर आए। वहीं सड़कें भी रंग और अबीर से सरोबार हो गई। शोभायात्रा में शामिल राधा कृष्ण की फूलों वाली होली में श्रद्धालुओं ने भी जमकर होली खेली।वहीं ब्रज की लठ मार होली को लोग उत्साह के साथ कैमरे में कैद करते नजर आए। वहीं महाकुंभ की आकर्षक झांकी आकर्षक का केंद्र रहीं। इस देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर शिव बारात की झांकी, शिव पार्वती की झांकी, गणेश जी की झांकी, राम दरबार की झांकी, घोड़ों पर राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न की झांकी ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। वहीं ढोल-नगाड़ों की धुन पर वातावरण गूंज उठा। शोभायात्रा का जगह-जगह फूलों की माला के साथ भव्य स्वागत किया गया। वहीं इस अवसर पर पुलिसकर्मियों को भी चंदन लगाकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा खत्री धर्मशाला से शुरू होकर मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखापुल, डिप्टी गंज चौराहा, ताड़ीखाना चौराहा, बुध बाजार से होते हुए पुलिस चौकी पर पहुंची। इस मौके पर राजेंद्र कुमार टंडन. रवि मेहरोत्रा, विजय कुमार टंडन, राकेश कुमार टंडन. सुधीर पाठक, अनुभव मेहरोत्रा, विजय सारस्वत, वरुण टंडन आदि मौजूद रहे।



# जिला स्तरीय टास्क फोर्स से संबंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों को उनके बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में कार्य योजना तैयार करें ताकि उनमें विद्यालय और शिक्षा को बेहतर बनाने की भावना बढ़े। उन्होंने कहा कि अच्छे अध्यापक और विद्यालयों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी कार्यों को आगामी दो महीने में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। शहरी क्षेत्र में एनजीओ के माध्यम से मिड डे मील की आपूर्ति के स्थान पर ग्रामीण क्षेत्र की भांति विद्यालय में ही भोजन तैयार करने के संबंध में पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति के बारे में भी जिलाधिकारी ने समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्धारित रोस्टर के अनुरूप सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए साथ ही बच्चों की उपस्थिति को लेकर भी उन्होंने विशेष संवेदनशीलता बरतने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विद्यालयों में पर्याप्त स्थान है वहां मिड डे मील सेड तैयार करने की दिशा में भी कार्य किया जाए ताकि बच्चों को एक अच्छे माहौल में मध्याह्न भोजन मिले। उन्होंने कहा कि नए शैक्षिक सत्र में बच्चों को समय से पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर ढंग से प्रभावी बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी एवं टास्क फोर्स के अन्य अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री विमलेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री आलोक कुमार शर्मा और जिला पूर्ति अधिकारी श्री अजय सिंह सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे उप श्रम आयुक्त ने बताया कि ग्राम पीपली, तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद में स्थित मण्डल स्तरीय अटल आवासीय विद्यालय के कक्षा-06 एवं कक्षा-09 में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु दिनांक 08 मार्च 2026 को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा मण्डल के सभी जनपदों में पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा कक्षा-06 के बच्चों हेतु समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से 01:00 बजे तक एवं कक्षा 09 के बच्चों हेतु 11:00 बजे से 01:30 बजे के मध्य सम्पन्न होगी। (दिव्यांग बच्चो को परीक्षा में 40 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जायेगा) जनपद मुरादाबाद में प्रवेश परीक्षा चित्रगुप्त इंटर कॉलेज निकट जैन मन्दिर, सिविल लाईन्स, मुरादाबाद में सम्पन्न होगी। सभी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र निर्गत कर दिये गये है तथा अभ्यर्थी अपने-अपने प्रवेश पत्र दिनांक 07 मार्च 2026 की सायं तक कार्यालय उप श्रम आयुक्त, मुरादाबाद क्षेत्र, जिला पंचायत परिसर कोर्ट रोड, मुरादाबाद से प्राप्त कर सकते है। परीक्षार्थियों को 09 बजे परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना है। परीक्षा केन्द्र के अन्दर मोबाईल फोन या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रिक डिवाइस ले जाना पूरी तरह से प्रतिबन्धित है। जनगणना-2027 के प्रथम चरण हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना-2027 के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद मुरादाबाद में दिनांक 25, 26 व 27 फरवरी 2026 को जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त उपजिलाधिकारीगण, चार्ज अधिकारी तहसीलदार /अधिशासी अधिकारी तथा जनपद स्तरीय जनगणना अधिकारियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण सत्र में हाउस लिस्टिंग एवं भवन गणना (HLB), आंकड़ा संकलन की प्रक्रिया, मोबाइल/ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से डाटा प्रविष्टि, डाटा की शुद्धता एवं गोपनीयता आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। यह प्रशिक्षण सहायक निदेशक श्री राजेंद्र कुमार एवं सुश्री संस्कृति तिवारी द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना की समस्त तकनीकी एवं व्यवहारिक बिंदुओं से अवगत कराया गया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। समस्त संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# SSP अनुराग आर्य ने UP -112 की 16 नई गाड़ियों को दिखाई हरी झंडी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। शहर में आपातकालीन पुलिस सेवा को और सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम पहल की गई। एसएसपी अनुराग आर्य ने एसएसपी ऑफिस से UP-112 की 16 नई गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, यूपी-112 के प्रभारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि इन नई गाड़ियों के शामिल होने से यूपी-112 की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता पहले से कहीं अधिक मजबूत होगी। इमरजेंसी कॉल मिलते ही पुलिस टीम तेजी से घटनास्थल तक पहुंच सकेगी, जिससे पीड़ितों को समय पर सहायता मिल पाएगी और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं नई गाड़ियां- पुलिस प्रशासन के अनुसार, यूपी-112 में शामिल की गई ये सभी 16 नई गाड़ियां आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए इनमें प्रोटेक्शन किट, रेन कोट सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इससे पुलिसकर्मी हर मौसम और हर परिस्थिति में बिना किसी बाधा के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। इन नई गाड़ियों के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं, अपराध की घटनाओं, महिला सुरक्षा, मेडिकल इमरजेंसी और अन्य आपात परिस्थितियों में पुलिस की कार्रवाई और अधिक प्रभावी होगी। आधुनिक संसाधनों से लैस होने के कारण यूपी-112 की टीमें मौके पर पहुंचकर तुरंत आवश्यक कदम उठा सकेंगी। एसएसपी ने बताया कि इन वाहनों के संचालन से शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी यूपी-112 की पहुंच और मजबूत होगी। दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी अब आपात स्थिति में तेजी से पुलिस सहायता मिल सकेगी। कार्यक्रम के अंत में एसएसपी अनुराग आर्य ने यूपी-112 से जुड़े सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि वे पूरी जिम्मेदारी, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का पालन करें, ताकि आम जनता का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।



# मंडल में स्वास्थ्य विभाग के 43 डॉक्टर की तलाश, ड्यूटी पर नहीं लौटे तो हाथ से जाएगी नौकरी


क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सीएम डैशबोर्ड पर बरेली मंडल के अन्य जिलों की अपेक्षा बरेली जिले की स्थिति अधिक खराब है। जिले को अधिकांश कार्यक्रमों में डी-ग्रेड ही मिला है। ऐसे में डीएम और सीडीओ को सुधार करने के निर्देश मिले हैं। यही नहीं, मंडल में स्वास्थ्य विभाग के 43 डॉक्टर लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे हैं। ऐसे डॉक्टरों की खोज शुरू हो गई है। यदि ये लोग सेवा पर नहीं लौटते हैं तो इनको सेवामुक्त किया जाएगा। ये निर्णय बृहस्पतिवार को हुई मंडलीय बैठक में लिए गए। विकास भवन के सभागार में मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंडलायुक्त ने चारों जिलों के डीएम-सीडीओ से कहा कि पता चला है कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की कॉपी नहीं दी जा रही है, जो उचित नहीं है।- मंडलायुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा -स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मंडलायुक्त ने सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) में पैरामीटरों पर चर्चा की। इस दौरान सामने आया कि शाहजहांपुर के 25, बदायूं के 16, बरेली के 14 और पीलीभीत के आठ सीएचसी का निरीक्षण कराया गया, जहां कमियां मिली हैं। कई सीएचसी की फायर आदि की अनापत्ति भी लंबित है। बरेली में 20, बदायूं व पीलीभीत में नौ-नौ और शाहजहांपुर के पांच डॉक्टर लंबे समय से अनुपस्थित चलने को लेकर भी कहा कि इन डॉक्टरों से संपर्क करें। यदि नहीं आते हैं तो सेवा से मुक्त करने की कार्रवाई कर शासन को रिक्त पदों की सूचना भेजें। मंडलायुक्त ने स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को बैनामों की जांच कराने के निर्देश दिए। कृषि विभाग, परिवहन विभाग की वसूली, बिजली निगम, नगर निकायों के राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा हुई। मंडलायुक्त ने रियल टाइम खतौनी, चकबंदी, ई-ऑफिस, रेरा की वसूली प्रमाण पत्र से संबंधित राजस्व की वसूली की भी समीक्षा की।

# चोरी के मोबाइल से साइबर ठगी को देते अंजाम , पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े झारखंड के तीन और पश्चिम बंगाल के एक आरोपी को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी लोगों के मोबाइल चोरी कर उनके खातों से रकम उड़ाते थे। चोरी के मोबाइल से साइबर ठगी को अंजाम दिया जाता था। आरोपियों के पास से चोरी के 45 मोबाइल बरामद किए गए हैं। एसपी क्राइम मनीष सोनकर ने पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि शहर में कुछ लोगों से हुई साइबर ठगी के मामले में साइबर थाना पुलिस जांच कर रही थी। ठगी में शामिल संदिग्ध मोबाइल नंबर की लोकेशन बरेली जंक्शन पर आ रही थी। लोकेशन पर पहुंचकर साइबर क्राइम पुलिस ने अंतराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह के झारखंड महाराजपुर साहिबगंज निवासी सागर कुमार, सुमित कुमार, रिषी कुमार और पश्चिम बंगाल आसनसोल भाटपाड़ा निवासी आकाश नुनईया को गिरफ्तार कर लिया। चारों के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज किया गया, कोर्ट ने इन्हें जेल भेजा है। झारखंड और बंगाल के ठगों को उपलब्ध कराते थे चोरी के मोबाइल- एसपी क्राइम ने बताया कि अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े चारों ठग भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर मोबाइल चोरी करते थे और यूपीआई के जरिये लोगों के खाते खाली कर देते थे। इसके बाद चोरी के मोबाइल झारखंड और पश्चिम बंगाल के साइबर ठगों को उपलब्ध कराते थे। इन मोबाइल का इस्तेमाल साइबर ठगी करने के लिए किया जाता था। चारों आरोपी बरेली में मोबाइल चोरी करने के लिए कई दिनों से रह रहे थे। इन लोगों के पास 15 लाख रुपये कीमत के 45 मोबाइल मिले जो चोरी के बताए गए हैं। गिरोह के खिलाफ उत्तराखंड में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

## निराश्रित प्रभुजी व्यक्तियों के लिए आधार पंजीयन शिविर, 31 लाभान्वित

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। जिला प्रशासन द्वारा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत अपना घर आश्रम में निवासरत निराश्रित एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रभुजी व्यक्तियों के लिए विशेष आधार पंजीयन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 31 निराश्रित व्यक्तियों के आधार कार्ड बनाए गए, जिससे वे अब शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। शिविर के दौरान आवश्यक दस्तावेजी औपचारिकताएं पूर्ण कर मौके पर ही आधार पंजीयन की प्रक्रिया संपन्न की गई। अपना घर आश्रम में निवासरत इन निराश्रित व्यक्तियों की संस्था द्वारा नियमित देखभाल की जा रही है। जिला प्रशासन की यह पहल उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। शेष लगभग 70 निराश्रित व्यक्तियों के आधार पंजीयन के लिए पुन: विशेष शिविर शनिवार, 28 फरवरी को अपना घर आश्रम में आयोजित किया जाएगा।



# यात्रीगण कृपया ध्यान दें , होली स्पेशल ट्रेनों में जगह है खाली

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। रेलवे प्रशासन ने होली पर्व पर यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए विभिन्न नगरों के लिए अनेक होली विशेष गाड़ियों का संचालन शुरू किया है। होली स्पेशल ट्रेनों में सीटें खाली हैं। रेलवे ने गुरुवार को खाली सीटों की जानकारी दी गई मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लालकुआं से चलने वाली 05045 लालकुआं-राजकोट विशेष गाड़ी में 1 मार्च को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 370 बर्थ, 08 मार्च, श्रेणी में 370 एवं शयनयान में 295 बर्थ और 15 मार्च 2026 को शयनयान श्रेणी को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 14, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 14 एवं शयनयान श्रेणी में 464 बर्थ उपलब्ध हैं। मऊ से चलने वाली 05301 मऊ-अम्बाला कैंट विशेष गाड़ी में 05 मार्च, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 78, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 249 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 61 बर्थ, 12 मार्च को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 103, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 329 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 104 बर्थ तथा 19 मार्च, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 104, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 354, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 129 एवं शयनयान श्रेणी में 207 बर्थ उपलब्ध हैं। बढ़नी से चलने वाली 05005 बढ़नी-अमृतसर विशेष गाड़ी में 04 मार्च, 2026 को शयनयान श्रेणी में 566 बर्थ, 11 मार्च को शयनयान श्रेणी में 523 बर्थ तथा 18 मार्च को शयनयान श्रेणी में 578 बर्थ उपलब्ध हैं। गोमती नगर से चलने वाली 05023 गोमती नगर-खातीपुरा विशेष गाड़ी में 03 मार्च को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 31, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 84 एवं शयनयान श्रेणी में 579 बर्थ तथा 10 मार्च, को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 29, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 75 एवं शयनयान श्रेणी में 496 बर्थ उपलब्ध हैं। तीन और होली स्पेशल ट्रेन की घोषणा रेलवे प्रशासन ने आगामी होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए 04025/04026 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचालन गोरखपुर से 27 फरवरी से 02 मार्च तक गाड़ी नंबर 04664- 04663 अमृतसर पटना एक्सप्रेस, गाड़ी नंबर 040 26 -04025 का संचालन किया जाएगा यह गाड़ी बरेली होकर गुजरेगी। देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस का सप्ताह में तीन दिन संचालन शुरू किया गया है। गाड़ी नंबर 15020 टनकपुर से 26 फरवरी से मंगलवार, शनिवार और गुरुवार को चलेगी जबकि गाड़ी नंबर 15019 देहरादून से 27 फरवरी से बुधवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया यह गाड़ी भोजीपुरा, बरेली सिटी और बरेली जंक्शन होकर गुजरेगी।



# अग्निवीर भर्ती रैली 11 से, 12 जनपदों के हजारों अभ्यर्थी होंगे शामिल

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में 11 से 23 मार्च तक अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जा रही है। इसमें बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर सहित 12 जनपदों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के अंतर्गत होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर के सभागार में गुरुवार को तैयारियों के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हुई। इसमें हजारों नौजवानों के बरेली आने के दौरान उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके मद्देनजर रणनीति बनायी गयी। एडीएम सिटी ने संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने और प्रत्येक व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने कहा कि अभ्यार्थियों की सुविधा के ध्यान में रखते हुए पेयजल, अस्थायी शौचालय, विश्राम स्थल, चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराएं। भीड़ नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखें। परिवहन विभाग को यातायात सुचारु रखने और जाम की स्थिति से निपटने के लिए समुचित व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम को तैयार रहने के निर्देश दिए। नगर विकास से संबंधित अधिकारियों को स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। सेना के अधिकारी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शिता, निष्पक्षता और शांतिपूर्ण माहौल से संपन्न कराई जाएगी। अभ्यार्थियों से समय पर पहुंचने, आवश्यक दस्तावेज साथ लाने और अफवाहों एवं दलालों से दूर रहने की अपील की गई हैं। ये अग्निवीर भर्ती रैली का शेड्यूल- अग्निवीर भर्ती रैली के कार्यक्रम के अनुसार 11 मार्च को अग्निवीर (टेक्निकल) सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए और 12 मार्च को अग्निवीर (ट्रेड्समैन आठवीं एवं दसवीं) सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए एवं अग्निवीर (क्लर्क/ एसकेटी) सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए होगी। इसके साथ 13 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी, 14 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी ) शाहजहांपुर और सीतापुर, 15 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी ) संभल और पीलीभीत, 16 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) हरदोई, 17 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) फर्रुखाबाद, 18 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बदायूं व 19 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बरेली जिले के अभ्यर्थियों के लिए रैली आयोजित की जाएगी।



# बहराइच में 28वां सतरंगी निशान महोत्सव, मटेरा से नानपारा तक निकली भव्य यात्रा

क्यूँ न लिखूँ सच /अमरीक सिंह/ उत्तर प्रदेश के बहराइच से खबर है, जहां हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मटेरा बाजार से 28वां सतरंगी निशान महोत्सव निकाला गया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मटेरा बाजार से शुरू हुई यह निशान यात्रा पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ निकाली गई। श्रद्धालु हाथों में श्री श्याम के सतरंगी ध्वज लिए हुए चल रहे थे। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान जय श्री श्याम के जयकारे लगाए गए। कई स्थानों पर श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। अबीर-गुलाल के साथ माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। यह यात्रा मटेरा बाजार से निकलकर मटेरा चौराहा, मुलिमपुर टंकी, टोल टैक्स और चीनी मिल मार्ग से होते हुए नानपारा स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंचेगी, जहां ध्वजा अर्पित कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। रास्ते में श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह जलपान और प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। यात्रा को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के उचित इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो संवाददाता



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# होली बाद सपा को मिलेगा नया जिला अध्यक्ष तीस से भी अधिक नेताओं ने की दावेदारी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। समाजवादी पार्टी (सपा) के संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव जल्द देखने को मिल सकता है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक होली के बाद बरेली जिले को नया जिला अध्यक्ष मिलने जा रहा है। इस पद के लिए पार्टी के भीतर जबरदस्त दिलचस्पी देखने को मिल रही है और अब तक तीस से भी अधिक नेताओं ने औपचारिक रूप से आवेदन कर अपनी दावेदारी पेश कर दी है। इतने बड़े पैमाने पर आवेदन आने से साफ है कि जिले की सियासत में यह पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि आगामी चुनावी रणनीति का केंद्र भी माना जा रहा है। सपा नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह ऐसा चेहरा चुने जो संगठन को एकजुट रख सके और विभिन्न जातीय व सामाजिक समीकरणों को संतुलित कर सके। बरेली में यादव, लोधी, दलित और अल्पसंख्यक वोट बैंक का गणित हमेशा निर्णायक भूमिका निभाता रहा है। यही वजह है कि पार्टी इस बार जिला अध्यक्ष के चयन में जल्दबाजी नहीं करना चाहती। सपा नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह ऐसा चेहरा चुने जो संगठन को एकजुट रख सके और विभिन्न जातीय व सामाजिक समीकरणों को संतुलित कर सके। बरेली में यादव, लोधी, दलित और अल्पसंख्यक वोट बैंक का गणित हमेशा निर्णायक भूमिका निभाता रहा है। यही वजह है कि पार्टी इस बार जिला अध्यक्ष के चयन में जल्दबाजी नहीं करना चाहती। महेंद्र सिंह लोधी को युवा चेहरा माना जाता है और वे लगातार पार्टी कार्यक्रमों, आंदोलनों और जनसंपर्क अभियानों में सक्रिय रहे हैं। पार्टी के भीतर यह भी चर्चा है कि यदि नेतृत्व युवा और ऊर्जावान चेहरे पर दांव लगाना चाहता है तो महेंद्र सिंह लोधी एक उपयुक्त विकल्प हो सकते हैं। लोधी समाज की संख्या और राजनीतिक प्रभाव को देखते हुए उनका चयन पार्टी के लिए रणनीतिक लाभ भी दे सकता है।

## जीआईसी ऑडिटोरियम में होली के मौके पर उज्जवला लाभार्थियों के चेहरे पर आयेगी मुस्कान

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली ।जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री ,उत्तर प्रदेश द्वारा होली त्यौहार के उपलक्ष्य में प्रदेश के उज्जवला लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण आज दिनांक 28 फ़रवरी को लखनऊ के लोकभवन सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर किया जायेगा। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण बरेली में जीआईसी -ऑडिटोरियम में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में जनपद के उज्जवला लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद बरेली में कुल 4,16,736 उज्जवला योजना के लाभार्थी हैं। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा कुल मिलाकर 894.48 रुपए प्रति कनेक्शन सब्सिडी दी जाती है होली त्यौहार के अवसर पर कुल 02 नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का वितरण प्रतीकात्मक चेक के माध्यम से जीआईसी ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इसके साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के दिए गए निर्देशों के क्रम में बरेली जनपद में 1759 कुल उचित दर विक्रेताओं का दिसंबर माह का कुल लाभांश 1,4,140,063 रुपए उनके बैंक खातों में आज रात खातों में हस्तांतरित कर दी जाएगी। इसके साथ ही जनवरी माह का लाभांश भी 1,41,21,919 रुपए भी उनके बैंक खातों में हस्तांतरित कर दी जाएगी ।



## शोक संदेश

"अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय पारिक शर्मा ( उर्फ अक्श शर्मा ) ( आयु 12 वर्ष ), सुपुत्र श्री कुलदीप शर्मा, निवासी शाहपुर तिगरी, मुरादाबाद का असामयिक निधन हो गया है। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु कार्यक्रम इस प्रकार है:"

**दसवां संस्कार:** 2 मार्च 2026 (सोमवार)
**समय:** सुबह 08:00 बजे से,**स्थान:**लोकोसेट ,मुरादाबाद
**तेरहवीं/श्रद्धांजलि सभा:** 2 मार्च 2026 (सोमवार)
**समय:** दोपहर 12:00 बजे से (भोज)
**स्थान:** वार्ड नंबर 1, नियर आर. के. विद्यापीठ स्कूल, शाहपुर तिगरी, मुरादाबाद।

**तेरी मासूमियत और यादें सदा हमारे दिलों में जीवित रहेंगी।**

**शोकाकुल:**
श्री कुलदीप शर्मा (पिता)
एवं समस्त शर्मा परिवार एवं मित्रगण।
**संपर्क:** 9719035577

# होली से पहले तीन गुना से ज्यादा बढ़ा प्राइवेट बसों का किराया, 600 वाला 1900 का हुआ; विंडो सीट का अलग चार्ज

दिल्ली और नोएडा-ग्रेटर नोएडा से कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी की ओर जाने वालों की भीड़ सबसे ज्यादा है। आमदिनों में इस रूट पर जाने वालों से बैठने के लिए 600-700 रुपये और स्लीपर सीट के लिए 850-1000 रुपये त्योहार में रेट कई गुना हो गए हैं। कानपुर के 3200 रुपये लिए जा रहे हैं।होली का त्योहार चुकी हैं। पढ़ाई करने वाले युवा और नौकरी हैं। लेकिन उन्हें नोएडा से कानपुर, लखनऊ, के लिए तीन गुना से ज्यादा किराया देना पड़ चलने वाली भीड़ को देखते हुए प्राइवेट बस इजाफा कर दिया है। आम दिनों में जो टिकट खरीदने के लिए लोगों को 1900 से 3300 लोगों को जगह नहीं मिल रही है। यमुना



ऑनलाइन बुकिंग के जरिए लिए जाते हैं। लेकिन लिए सीट 1900 रुपये और स्लीपर के लिए नजदीक है और शिक्षण संस्थानों में छुट्टियां हो पेशा लोग जल्द से जल्द अपने घर पहुंचना चाहते प्रयागराज, वाराणसी और अन्य शहरों तक जाने रहा है।600 वाली टिकट 1900 की त्योहार में कंपनियों ने अपने किराए में तीन गुना से ज्यादा 600-900 रुपये तक रहती थी। वही टिकट रुपये तक देने पड़ रहे हैं। इसके बाद भी बसों में एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट, जेवर टोल, रबूपुरा और दनकौर कट पर यात्रियों की लगी भीड़ लग रही है। शुक्रवार को भी यही हाल देखने को मिला। सुबह से ही सभी प्वाइंटों पर बस का इंतजार करने वालों की भीड़ थी। जो देर रात तक बनी रही। लोग बसों का इंतजार करते रहे और घंटों इंतजार करने के बाद उन्हें अपने शहर जाने के लिए बसें मिल सकी।युवाओं को सबसे ज्यादा हो रही परेशानी-नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना सिटी के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में तीन लाख से ज्यादा युवा पढ़ाई कर रहे हैं। यहां पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ ही बिहार तक के शहरों से पढ़ाई करने के लिए युवा आते हैं। जो त्योहार नजदीक आते ही अपने घर जाने की तैयारी कर लेते हैं। युवाओं की भीड़ को देखते हुए ही बस कंपनियों ने भी अपने रेट में इजाफा कर दिया है। जिसके कारण युवाओं और अन्य यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विंडो सीट के लिए देने पड़ रहे 100-150 ज्यादा- खिड़की साइड सीट का चार्ज ज्यादा प्राइवेट बसों को बुक करने के लिए लोग ऑनलाइन एप का सहारा ले रहे हैं। लेकिन त्योहार नजदीक होने के कारण ज्यादातर बसों में सीटें फुल हो जा रही हैं। दिल्ली के आईएसबीटी, कश्मीरी गेट और अन्य बस अड्डों से ही बसें फुल होकर आ रही हैं। सीट फुल होने के कारण यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट और अन्य कटों पर खड़े विद्यार्थियों और अन्य लोगों को घंटों बसों का इंतजार करना पड़ा। वहीं खिड़की की तरफ वाली सीट के लिए लोगों से 100-150 रुपये तक अतिरिक्त लिए जा रहे हैं। कानपुर, लखनऊ, वाराणसी का किराया सबसे महंगा- दिल्ली और नोएडा-ग्रेटर नोएडा से कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी की ओर जाने वालों की भीड़ सबसे ज्यादा है। आमदिनों में इस रूट पर जाने वालों से बैठने के लिए 600-700 रुपये और स्लीपर सीट के लिए 850-1000 रुपये ऑनलाइन बुकिंग के जरिए लिए जाते हैं। लेकिन त्योहार में रेट कई गुना हो गए हैं। कानपुर के लिए सीट 1900 रुपये और स्लीपर के लिए 3200 रुपये लिए जा रहे हैं। वहीं वाराणसी के लिए सीट 1857 और स्लीपर 3244 का है। जबकि खिड़की वाली सीट के लिए 1950 रुपये का है। इसी तरह लखनऊ और प्रयागराज जाने वाली बसों का भी रेट तीन गुना हो गया है।

# पवन की मौत से आहत थीं: मां ने दो बेटियों संग खाया जहर, फिर फंदे से लटकीं; तख्त पर रखा था पेन और सादा कागज

ग्रामीणों और रिश्तेदारों का कहना है कि पुत्र की मृत्यु के बाद परिवार शोक में डूबा हुआ था। इधर, लोगों में चर्चा ये भी है कि पवन की मौत के बाद परिवार में बहू व अन्य सदस्यों के बीच काफी दिनों से कलह का भी माहौल था।यूपी के लिए लखीमपुर खीरी विजेंद्र कुमार की पत्नी फूल कुमारी (50) और उनकी फंदा लगा लिया। गंभीर अवस्था में परिजन तीनों को लेकर निमिषा को डॉक्टरों मृत घोषित कर दिया। कंचन की हालत पवन की मौत से अवसाद में थे लोग विजेंद्र कुमार ने बताया मार्ग स्थित कजरी के पास सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। घर में मृतक पुत्र पवन कुमार की पत्नी किरन देवी, उनके दो बेटियां ही मौजूद थीं।परिवार में कलह की बात भी आई से भरिगवां गए थे, जहां विजेंद्र का आटा चक्की का कारखाना



स्थित मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम काकोरी में शुक्रवार सुबह पुत्रियां कंचन (25) और निमिषा (19) ने जहर खाने के बाद गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां फूल कुमारी और गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।बेटे कि उनके बड़े पुत्र पवन कुमार की चार दिसंबर को पूरनपुर इसके बाद से परिवार के लोग अवसाद में थे। घटना के समय बच्चे (एक साल का बेटा और तीन साल की बेटी) और मां- सामने- विजेंद्र कुमार और उनका छोटा पुत्र आशीष अपने कार्य है। ग्रामीणों और रिश्तेदारों का कहना है कि पुत्र की मृत्यु के बाद परिवार शोक में डूबा हुआ था। इधर, लोगों में चर्चा ये भी है कि पवन की मौत के बाद परिवार में बहू व अन्य सदस्यों के बीच काफी दिनों से कलह का भी माहौल था।पेन और कागज मिला, पर नहीं था कुछ लिखा- सूचना पर सीओ रमेश कुमार तिवारी, इंस्पेक्टर अंबर सिंह, संसारपुर पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस को घटनास्थल पर तख्त के ऊपर रखा स्टूल मिला। साथ ही एक सादा कागज और पेन भी रखा मिला। शायद मृतका व उसकी पुत्रियां कुछ लिखना चाहती थीं। पुलिस ने मौके से साक्ष्य कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।तनाव में था पूरा परिवार-क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि मृतका के पति के अनुसार परिवार तनाव में था। प्रथम दृष्टया जहर खाने और फंदा लगाकर जान देने की बात सामने आई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर सीओ रमेश कुमार तिवारी, इंस्पेक्टर अंबर सिंह के अलावा तमाम पुलिस बल पहुंचा और जांच की।

# टैंक फुल कराकर थार चालक फरार, सेल्समैन की बाइक को पांच किलोमीटर तक घसीटा; चिंगारी देख दहशत में रहे लोग

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार थार चालक तेज रफ्तार में चिटहेरा बाईपास की ओर भागा। जब बाइक सवार सेल्समैन उसकी गाड़ी के बराबर पहुंचा तो आरोपी ने जानबूझकर बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कुलदीप शर्मा सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए।



उनकी बाइक थार में फंस गई, लेकिन आरोपी ने वाहन नहीं रोका। ग्रेटर नोएडा स्थित बादलपुर कोतवाली क्षेत्र में जीटी रोड स्थित रघुनंदन पेट्रोल पंप पर शुक्रवार शाम एक सनसनीखेज घटना सामने आई। थार गाड़ी चालक ने पहले वाहन का टैंक फुल कराया और ऑनलाइन भुगतान करने का बहाना बनाकर मौके से फरार हो गया। जब पेट्रोल पंप के सेल्समैन ने बाइक से उसका पीछा किया तो आरोपी ने टक्कर मार दी। इससे सेल्समैन घायल हो गया, जबकि उसकी बाइक थार में फंस गई। आरोपी करीब पांच किलोमीटर तक बाइक को घसीटते हुए ले गया। बाद में पुलिस ने घेराबंदी कर थार समेत चालक को गिरफ्तार कर लिया।प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के अनुसार सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र के जौली गांव निवासी हर्ष (22) शुक्रवार को अपने मामा के यहां दुजाना गांव आया हुआ था। शाम करीब साढ़े छह बजे के समय वह थार गाड़ी लेकर जीटी रोड स्थित रघुनंदन पेट्रोल पंप पर पहुंचा। वहां उसने वाहन का टैंक फुल कराया। पेट्रोल भरवाने के बाद उसने भुगतान ऑनलाइन करने की बात कही। बताया गया कि पेट्रोल पंप पर तैनात सेल्समैन कुलदीप शर्मा भुगतान मशीन लेने के लिए अंदर गए। इसी दौरान मौका पाकर थार चालक गाड़ी स्टार्ट कर वहां से फरार हो गया। गाड़ी के अचानक निकल जाने पर कुलदीप शर्मा ने तुरंत अपनी बाइक उठाई और आरोपी का पीछा शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार थार चालक तेज रफ्तार में चिटहेरा बाईपास की ओर भागा। जब बाइक सवार सेल्समैन उसकी गाड़ी के बराबर पहुंचा तो आरोपी ने जानबूझकर बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कुलदीप शर्मा सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। उनकी बाइक थार में फंस गई, लेकिन आरोपी ने वाहन नहीं रोका। आरोपी थार चालक बाइक को करीब पांच किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गया। इस दौरान सड़क पर घर्षण के कारण चिंगारियां उठती रहीं, जिससे आसपास के राहगीरों में दहशत का माहौल बन गया। कई लोगों ने इस घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया। इसका सीसीटीवी भी सामने आया है। बताया जाता है कि आरोपी छौलस गांव की ओर मुड़ गया था। घटना की सूचना मिलते ही बादलपुर पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस टीम ने संभावित रास्तों पर घेराबंदी की। पीछा करते हुए पुलिस ने थार को रोक लिया और वाहन को कब्जे में ले लिया। आरोपी बिना नंबर की थार से फर्राटा भर रहा था। आरोपी को मौके से हिरासत में लेकर कोट पुलिस चौकी लाया गया, जहां से बादलपुर कोतवाली पुलिस ने उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। सेल्समैन का उपचार जारी-घायल सेल्समैन कुलदीप शर्मा को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने वाहन को सीज कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने भुगतान करने में असमर्थता की बात कही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। घटना के संबंध में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## राहुल गांधी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई नौ मार्च को, एफआईआर दर्ज कर विस्तृत जांच कराने की मांग

हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने राहुल गांधी के खिलाफ कथित दोहरी नागरिकता मामले में दायर याचिका पर सुनवाई के लिए 9 मार्च की तारीख तय की है। याचिका में एफआईआर दर्ज कर विस्तृत जांच की मांग की गई है। निचली अदालत ने पहले मामले को अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया था।हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कथित दोहरी नागरिकता मामले में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अगली तारीख 9 मार्च निर्धारित की है। यह याचिका निचली अदालत द्वारा एफआईआर दर्ज कराने से इनकार किए जाने के आदेश के विरुद्ध दाखिल की गई है।न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश एस. विग्नेश शिशिर की याचिका पर दिया। याची ने 28 जनवरी को विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी है, जिसमें अदालत ने कहा था कि नागरिकता संबंधी प्रश्न उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता।याचिका में एफआईआर दर्ज कर विस्तृत जांच की मांग की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### त्योहारों व परीक्षाओं को लेकर फिजीकल थाना पुलिस अलर्ट, होटल-ढाबों व मैरिज गार्डनों की जांच

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। आगामी त्योहारों एवं स्कूली परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए थाना फिजीकल पुलिस ने क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए



रखने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया। पुलिस टीम ने होटल, ढाबों और मैरिज गार्डनों का निरीक्षण कर संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए थाना फिजीकल पुलिस ने होटल सोनचिरैया, सुखसागर, टूरिस्ट विलेज, दालचीनी होटल, जायका होटल एवं जय माँ होटल सहित अन्य स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। संचालकों को आने-जाने वाले लोगों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बालाजी गार्डन, पारस गार्डन एवं संस्कार गार्डन सहित अन्य मैरिज गार्डन संचालकों और डीजे संचालकों को स्कूली परीक्षाओं को देखते हुए निर्धारित डेसीबल स्तर पर ही डीजे बजाने तथा रात 10 बजे के बाद डीजे पूर्णतः बंद रखने की समझाइश दी गई। पुलिस ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने पर कोलाहल अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पीएम मोदी ने सीरियाई चर्च के प्रमुख से की मुलाकात, कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में सीरिएक ऑर्थोडॉक्स चर्च के प्रमुख से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने समाज के कल्याण और न्याय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात को सुखद बताया,



जबकि चर्च प्रमुख ने अल्पसंख्यकों के प्रति भारत के समावेशी दृष्टिकोण की सराहना की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में %एंटिओक और ऑल द ईस्ट% के पैट्रिआर्क और यूनिवर्सल सीरिएक ऑर्थोडॉक्स चर्च के सर्वोच्च प्रमुख, %हिज होलीनेस मोरन मोर इग्नेशियस एफ्रेम द्वद्व% से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान भाजपा की केरल स्टेट यूनिट के प्रेसिडेंट राजीव चंद्रशेखर भी मौजूद रहे।इस खास मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि हिज होलीनेस मोरन मोर इग्नेशियस एफ्रेम द्वद्व से मिलकर वे सम्मानित महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि उनके बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बहुत अच्छी और सकारात्मक चर्चा हुई है।वहीं, प्रधानमंत्री से मिलने के बाद हिज होलीनेस ने भी सोशल मीडिया पर अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने इस मुलाकात को बहुत ही सार्थक और प्रेरणा देने वाली बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों सहित समाज के सभी वर्गों के लिए न्याय सुनिश्चित करना हमेशा से भारत जैसे महान देश की मूल भावना का हिस्सा रहा है।

# आगरा मुठभेड़: अमित कसाना गैंग का शूटर गिरफ्तार, हत्या समेत 18 से अधिक मुकदमे दर्ज; लूटी गई पिस्टल बरामद

यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट और आगरा पुलिस ने थाना एकता क्षेत्र में मुठभेड़ में पचास हजार के इनामी पवन उर्फ कल्लू को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। बरामद गई थी।यूपी एसटीएफ की नोएडा टीम ने थाना एकता क्षेत्र में मुठभेड़ में कुख्यात बदमाश पवन हो गया। उसे तत्काल उपचार के है।घायल बदमाश की पहचान कल्लू के रूप में हुई है। पवन के मुकदमे में वांछित था। उस घोषित था। वह शासन द्वारा कसाना गैंग का शूटर है।पवन से अधिक केस दर्ज हैं। 2021 एक लाख रुपये का इनाम था।



पर हत्या और रंगदारी समेत 18 नौ एमएम पिस्टल 2016 में लूटी यूनिट और आगरा पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ की। इस उर्फ कल्लू गंभीर रूप से घायल लिए अस्पताल भेजा गया गाजियाबाद निवासी पवन उर्फ आगरा के ताजगंज थाने में रंगदारी पर पचास हजार रुपये का इनाम चिह्नित रणदीप भाटी-अमित पर हत्या और रंगदारी सहित 18 में हत्या के आरोप में उस पर तब वह दिल्ली से जेल गया था। उसके पास से भारी मात्रा में कारतूस और असलहे बरामद हुए हैं। जेल में रहने के दौरान पवन हरियाणा के हिमांशु भाऊ गैंग के संपर्क में आया। 2025 में जेल से छूटते ही उसने बड़े पैमाने पर रंगदारी मांगना शुरू कर दिया। वह इस गैंग के साथ दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बड़ी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में था। मुठभेड़ में बरामद नौ एमएम पिस्टल 2016 में कांस्टेबल मोनू धीमन से लूटी गई थी। यह पिस्टल थाना बिसरख, गौतमबुद्ध नगर में लूटी गई थी, जिसका मुकदमा भी दर्ज है।

# भारतीय किसान संघ मुखर, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/ ?नटेरन (विदिशा): भारतीय किसान संघ तहसील इकाई नटेरन ने आज मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। इस



दौरान किसान संघ ने न केवल फसलों के दामों और कर्ज की समय सीमा पर बात की, बल्कि प्रदूषण के मुद्दे पर किसानों को निशाना बनाए जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। प्रदूषण मुक्त भारत की जिम्मेदारी सिर्फ किसान की नहीं ज्ञापन सौंपने के दौरान किसान संघ के पदाधिकारियों ने पर्यावरण और प्रदूषण के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लिया। संघ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि: प्रदूषण मुक्त भारत बनाने की जिम्मेदारी सिर्फ अकेले किसान के कंधों पर नहीं डाली जा सकती। प्रदूषण की पूरी जिम्मेदारी किसानों पर छोड़ना और उन्हें ही इसके लिए दोषी ठहराना सरासर गलत है। यदि नरवाई प्रबंधन के नाम पर किसानों को जिम्मेदार मानकर उन पर कोई भी दंडात्मक कार्रवाई की गई, तो किसान संघ तहसील का घेराव करेगा और बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। ?ज्ञापन की 8 प्रमुख मांगें: ?किसान संघ ने अपनी मांगों के जरिए सरकार से तत्काल राहत की अपील की है: ?गेहूं का दाम: चुनावी घोषणा के अनुसार गेहूं की खरीदी ?2700 प्रति क्विंटल पर सुनिश्चित की जाए। ?लागत आधारित मूल्य: सभी फसलों के लिए लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिया जाए। ?चक्ष्ष्ट ऋण की राहत: जिला सहकारी बैंक के ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च से बढ़ाकर 15 मई 2026 की जाए। ?पारदर्शी तुलाई: समर्थन मूल्य केंद्रों पर धर्म कांटे से ही फसल की तुलाई हो। ?सिंचाई विस्तार: संजय सागर और सगड़ डैम से वंचित गांवों को नहर नेटवर्क से तत्काल जोड़ा जाए। ?नरवाई सहायता: नरवाई निपटान हेतु किसानों को आर्थिक सहयोग राशि (सब्सिडी) दी जाए। ?फसल मुआवजा: प्राकृतिक आपदा से खराब हुई चना और मसूर की फसलों का सर्वे कर मुआवजा दिया जाए। ?मसूर की लिमिट: मसूर खरीदी की सीमा 2 क्विंटल 25 किलो से बढ़ाकर 3 क्विंटल प्रति बीघा की जाए। ?आंदोलन की चेतावनी ?किसानों का कहना है कि वे देश के अन्नदाता हैं और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हैं, लेकिन प्रबंधन के अभाव में उन पर की जाने वाली कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की विदिशा जिला इकाई घोषित,हाकम सिंह रघुवंशी बने जिला अध्यक्ष

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/ प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया की सहमति से नई टीम की घोषणा,पत्रकारों के अधिकार,सुरक्षा,एकजुटता और संगठन की मजबूती पर रहेगा विशेष फोकस। विदिशा। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की विदिशा जिला इकाई की औपचारिक घोषणा प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया की सहमति से कर दी गई है। नई जिला कार्यकारिणी के गठन के साथ ही जिले के पत्रकार समुदाय में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिल रहा है। संगठन ने अनुभवी, सक्रिय और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले पत्रकारों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए यह स्पष्ट संकेत दिया है कि आने वाले समय में पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा। घोषित जिला इकाई में हाकम सिंह रघुवंशी को जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। योगेश पंथी को जिला कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है, जो संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन और समन्वय में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उपाध्यक्ष पद पर मो. शान मियां, डॉ. शैलेन्द्र कटारिया, रामकृष्ण रघुवंशी, डॉ. आमिर सरकार, यशपाल रघुवंशी, विमल विश्वकर्मा, रवि चौरसिया और रुपेश यादव को दायित्व प्रदान किया गया है। सौरभ जैन को कोषाध्यक्ष और रुपेश आर्य को



महासचिव नियुक्त किया गया है, जो संगठन की प्रशासनिक और वित्तीय व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करेंगे। सचिव पद पर सोनू धाकड़, वीरेंद्र विश्वकर्मा, दीपक बाजपेई, राहुल सिंह राजपूत, मोहिनी और सुरेंद्र सिंह रघुवंशी को नियुक्त किया गया है। संयुक्त सचिव के रूप में नीरज शर्मा, अमित जैन, गिरधर साहू, लक्ष्मण सिंह कटियार, जगदीश बाबू योगी मुरारिया और धर्मेंद्र प्रजापति को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में समीम मंसूरी, अंकुश साहू, सैयद विरासत अली, यशवंत सिंह रघुवंशी, सुन्दर सिंह राजपूत, प्रकाश लोधी, पूरन सिंह रघुवंशी और कृष्णा सक्सेना को शामिल किया गया है। इस विस्तृत टीम गठन से स्पष्ट है कि संगठन ने व्यापक प्रतिनिधित्व और सक्रिय भागीदारी को प्राथमिकता दी है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, उनकी पेशेवर चुनौतियों के समाधान और संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और उनकी सुरक्षा, सम्मान तथा स्वतंत्रता सुनिश्चित करना समाज और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है। संगठन इन मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करेगा और जरूरत पड़ने पर सामूहिक रूप से आवाज भी बुलंद करेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संगठन के नियमों एवं संविधान के अनुरूप पारदर्शिता, अनुशासन और जवाबदेही के साथ कार्य किया जाएगा। सदस्यता विस्तार, पत्रकार सुरक्षा, बीमा, मानदेय, उत्पीड़न के मामलों में सहायता और प्रशासनिक स्तर पर समन्वय जैसे विषयों को प्राथमिक एजेंडे में शामिल किया जाएगा। संगठन जिला स्तर पर नियमित बैठकें, कार्यशालाएं और संवाद कार्यक्रम आयोजित कर पत्रकारों को एक मंच पर लाने का प्रयास करेगा। नवनियुक्तों ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता अनेक चुनौतियों से गुजर रही है। तकनीकी बदलाव, सोशल मीडिया का प्रभाव, फेक न्यूज की समस्या और बदलते सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य ने पत्रकारों की जिम्मेदारियों को और अधिक बढ़ा दिया है। ऐसे समय में संगठित रहना और पेशेवर नैतिकता को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। एक मजबूत संगठन ही पत्रकारों को आवश्यक मार्गदर्शन, सुरक्षा और समर्थन प्रदान कर सकता है। वरिष्ठ पत्रकारों को मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से यह उम्मीद जताई जा रही है कि जिले में पत्रकारों की आवाज और अधिक प्रभावशाली ढंग से उठेगी। स्थानीय स्तर पर आने वाली समस्याओं, प्रशासनिक असहयोग या अन्य चुनौतियों के समाधान के लिए संगठन सक्रिय पहल करेगा। सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह नई टीम पत्रकारों के हितों की रक्षा के साथ-साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।संगठन के पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वे पत्रकारों के मान-सम्मान, सुरक्षा, सामाजिक प्रतिष्ठा और अधिकारों के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विदिशा जिले में संगठन को मजबूत, सक्रिय और प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे, ताकि पत्रकारों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध और प्रभावी ढंग से हो सके। नई कार्यकारिणी के गठन को जिले में पत्रकार एकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

# होली पर्व के दृष्टिगत कस्बा भिनगा में सघन फ्लैग मार्च

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल/ श्रावस्ती-भिनगा - होली पर्व को सकुशल शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना कोतवाली भिनगा अंतर्गत कस्बा भिनगा में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च एवं पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। गश्त के दौरान प्रमुख बाजार, मिश्रित आबादी क्षेत्र, संवेदनशील स्थानों एवं प्रमुख चौराहों पर विशेष सतर्कता बरती गई। आमजन, व्यापारी बंधुओं एवं स्थानीय संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर आपसी भाईचारा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निरंतर भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखें, सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं पर तत्काल संज्ञान लें तथा आवश्यकतानुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भिनगा राज प्रकाश सिंह प्रभारी यातायात सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहा। जनपद पुलिस द्वारा होली पर्व के दौरान निरंतर गश्त, चेकिंग एवं सतर्क निगरानी रखी जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फंदे से लटकता मिला

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल/ श्रावस्ती। कटरा नवीन मॉर्डन पुलिस थाना श्रावस्ती क्षेत्र के ग्राम अमारेभरिया के माजरा मलपुरवा में विवाहिता का शव घर में फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जांच कर साक्ष्य संकलन किए। नवीन मॉर्डन पुलिस थाना श्रावस्ती क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमारेभरिया के माजरा मलपुरवा निवासी हरि ओम जायसवाल की शादी 16 साल पहले जनपद बहराइच के पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनहा निवासी राधा जायसवाल 27 वर्ष के साथ हुई थी। हरि ओम जायसवाल कटरा बाजार में खाद बीज की दुकान करते हैं उनका परिवार गांव में ही रहता है। परिजनों के अनुसार घर के सभी सदस्य दुकान पर चले गए थे और बच्चे स्कूल चले गए थे इस समय राधा जायसवाल अपने कमरे में अकेली थी इस दौरान राधा ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में दुपट्टे से फंदा लगा लिया। परिजनों ने राधा जायसवाल को लटका देखकर उसे फंदे से नीचे उतार कर अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने राधा जायसवाल को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर नवीन मॉर्डन पुलिस थाना प्रभारी लाल साहब सिंह और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच कर घटना स्थल की जांच की। इस संबंध में थाना प्रभारी लाल साहब सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में रोडवेज बस में सवार कई यात्री घायल

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल/ श्रावस्ती। कटरा - नवीन मॉर्डन पुलिस थाना श्रावस्ती क्षेत्र के कटरा बाईपास के निकट हाजी बाबा के पास एक सड़क हादसा हो गया। परिवहन निगम की बस बलरामपुर से सवारी लेकर इकौना की ओर आ रही रोडवेज बस ने नेशनल हाईवे 730 कटरा बाईपास स्थित हाजी बाबा के पास एक दूसरे बस को ओवरटेक करने के प्रयास में गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई इस दुर्घटना में बस में सवार आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है। घायल होने वाले यात्रियों में आशीष वर्मा पुत्र विष्णु वर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी बक्शीपुर बहराइच, पुष्पा प्रजापति पत्नी पूजा राम उम्र 30 वर्ष निवासी टीचर कॉलोनी इकौना, रजनीश श्रीवास्तव पुत्र कमलेश श्रीवास्तव उम्र 24 वर्ष बड़ी हाट बहराइच, सम्मान तिवारी उम्र 11 वर्ष पुत्र शैलेश तिवारी रघुवर पूरवा विशेश्वरगंज बहराइच, मंजू तिवारी 33 वर्ष पत्नी शैलेश तिवारी रघुवर पूरवा विशेश्वरगंज बहराइच, रामदुलारी जायसवाल पत्नी नानबाबू जायसवाल उम्र 60 वर्ष इकौना आदि शामिल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कलेक्टर ने जिला कौशल समिति की बैठक की, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/ विदिशा- कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में विगत




दिवस जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित हुई। उक्त बठक में जिला कोशल समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिले की समस्त आईटीआई में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में अधिक से अधिक पंजीयन कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में कहा कि नव्या प्रोजेक्ट में ट्रेनिंग हेतु महिला बाल विकास विभाग बालिकाओं को ट्रेनिंग हेतु प्रोत्साहित करें। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए प्रशिक्षणार्थियों को ऋण लेने एवं योजना का लाभ के बारे में बताने हेतु उद्योग विभाग एवं लीड बैंक मैनेजर को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला रोजगार अधिकारी को बेरोजगार युवाओं एवं विगत 5 वर्षों के आईटीआई पासआउट छात्रों की सूची प्राप्त कर पंजीयन रोजगार कार्यालय में करवाने हेतु निर्देशित किया गया। आदिम जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग को आईटीआई में शत प्रतिशत प्रवेश के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अवश्यक सहयोग प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया गया है। लीड बैंक मैनेजर को भी आईटीआई से विगत 5 वर्ष के पासआउट छात्रों की सूची प्राप्त कर रोजगार स्वरोजगार हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं उनमे मिलने वाले ऋण प्राप्ति के लिए सहयोग एवं मार्गदर्शन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल की उपस्थिति में शमशाबाद में अशासकीय स्कूल संचालकों की बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/ विदिशा,-कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में आज शमशाबाद के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) श्री अजय प्रताप सिंह पटेल की अध्यक्षता में अशासकीय विद्यालय संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा व्यवस्था, फीस निर्धारण, पाठ्यक्रम, आरटीई प्रवेश तथा छात्र सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक के दौरान एसडीएम ने स्कूलों में लागू पाठ्यक्रम की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश



दिए कि केवल शासन द्वारा निर्धारित आवश्यक पाठ्यक्रम ही संचालित किया जाए। किसी भी विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को पुस्तकें या गणवेश किसी एक विशेष दुकान से क्रय करने के लिए बाध्य न किया जाए। फीस विनियमन अधिनियम 2017 एवं उसके संशोधन वर्ष 2020 व 2025 के प्रावधानों की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि पालकों से नियमानुसार ही शुल्क लिया जाए। किसी भी प्रकार की अतिरिक्त या अवैध वसूली न की जाए। साथ ही कहा गया कि आरटीई अंतर्गत स्वीकृत सीटों पर शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। आरटीई विद्यार्थियों की फीस का भुगतान शासन स्तर से किया जाता है, अतः उनके सभी आवश्यक दस्तावेज व्यवस्थित रूप से संधारित किए जाएं। एसडीएम श्री पटेल ने स्पष्ट किया कि किसी भी विद्यार्थी का अध्ययन कार्य फीस के अभाव में बाधित नहीं होना चाहिए। फीस के कारण किसी भी छात्र की टीसी (ट्रांसफर सर्टिफिकेट) या मार्कशीट रोके जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। छात्रों के परिवहन को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए। विद्यालयों में केवल शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सुरक्षित वाहनों का ही उपयोग किया जाए। वाहनों में निर्धारित संख्या से अधिक विद्यार्थियों को न बैठाया जाए तथा सभी वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए। बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त यू-डाइस, छात्र प्रोफाइल, अपार आईडी, इको क्लब सहित अन्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सभी अशासकीय विद्यालय संचालक उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग की ओर से बीईओ, बीआरसी एवं जनशिक्षक भी बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने शासन के नियमों का पालन सुनिश्चित करने एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया गया है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# थाना ईकोटेक-3 पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / संवाददाता सोनू / ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर/ थाना ईकोटेक-3 पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशादेही से 01 आलाकत्ल बांका, घटना के दौरान अभियुक्त द्वारा पहने हुए कपडे व जूते बरामद। घटना लिखित तहरीर के आधार पर दिनांक 26.02.2026 को पीने को लेकर अभियुक्त की मृतक मनोज से कहासुनी हो और बाद में धारदार बांका लेकर वापस आकर ग्राम की उसकी मृत्यु हो गई। उक्त घटना क्रम के सम्बन्ध में थाना विवरण- दिनांक 27.02.2026 को थाना ईकोटेक 3 पुलिस तुस्याना थाना ईकोटेक 3 गौतमबुद्धनगर को अर्थ कंपनी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (लोहे का धारदार कपड़े एवं जूते भी बरामद किए गए, जिन पर खून के रहा है। पंजीकृत अभियोग का विवरण- मु0अ0सं0 87/



का विवरण- थाना ईकोटेक 3 पुलिस द्वारा वादी द्वारा दी गयी ग्राम तुस्याना में आयोजित कुआँ पूजन कार्यक्रम के दौरान खाने-गई थी। अपशब्द कहे जाने से आहत होकर अभियुक्त घर गया सड़क पर ट्रांसफार्मर के पास मृतक पर कई वार कर दिए, जिससे ईकोटेक 3 पर अभियोग पंजीकृत किया गया कार्यवाही का द्वारा अभियुक्त जगवीर भाटी पुत्र रतिराम भाटी निवाी ग्राम शनि मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की बांका) बरामद किया गया। साथ ही घटना के समय पहने हुए निशान पाए गए। अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास 26 धारा 105 बीएनएस, थाना ईकोटेक-3, गौतम बुद्ध नगर

# Consume these foods to boost your immunity in the changing seasons and keep diseases at bay.

It's crucial to focus on your immunity during the changing seasons. So, in this article, let's learn from a doctor about the essential foods to include in your diet to boost your immunity. Let's explore this in this article. As the winter season slowly recedes, many people have started sleeping with fans on at night. With such a change in weather, our body's immune system is put under tremendous pressure. As temperatures fluctuate, viruses and bacteria in the air become active, leading to the spread of diseases like colds, flu, and flu. According to health experts, a strong immune system not only fights external germs but also improves the functioning of the body's internal organs. Boosting immunity isn't an overnight miracle; it depends on your daily eating habits and lifestyle. During changing seasons, it's crucial to include foods that boost your immunity. In this article, let's learn from a doctor about what foods can strengthen your immunity. The Power of Vitamin C and Citrus Fruits - We spoke with Dr. Ravi Kushwaha, a doctor at a private hospital in Kushinagar, about this topic. He explained that including foods rich in vitamin C in your diet is crucial for boosting immunity. According to the doctor, fruits like orange, lemon, amla, and kiwi increase the production of white blood cells, which play a key role in fighting infection. These fruits not only keep the body hydrated but also prevent damage caused by free radicals through their antioxidant properties. The doctor also noted that many people avoid lemon and amla despite knowing the benefits. Therefore, you can incorporate two amla juices daily and lemon water every morning into your daily routine. This habit is very beneficial for your health. Ginger, Garlic, and Turmeric - According to Dr. Ravi, the medicinal properties hidden in Indian spices are "powerhouses" for immunity. Ginger contains gingerol, and turmeric contains curcumin, which reduce inflammation and provide relief from throat infections. The allicin in garlic doubles the body's ability to fight disease. Drinking half a teaspoon of turmeric mixed with lukewarm milk before bed is an ancient and effective remedy for relieving fatigue and weakness. The importance of probiotics and dried fruits - 70% of our immune system is connected to the intestines. Probiotic foods like yogurt and buttermilk increase the number of good bacteria in the intestines, strengthening the digestive system and keeping diseases at bay. Additionally, dried fruits like almonds and walnuts contain vitamin E and healthy fats, which strengthen cells. Chia seeds and flax seeds are also excellent sources of omega-3 fatty acids, which help in the internal recovery of the body. A balanced lifestyle is important - Dr. Ravi says that along with good food, adequate sleep and regular exercise are also necessary for immunity. At least 7-8 hours of sleep gives the body time to repair itself. The doctor suggested avoiding stress and drinking plenty of water so that toxins can be flushed out of the body. Keep in mind that increasing immunity is a long-term process, so make these habits a part of your permanent lifestyle during the changing seasons.




# Udaipur is known not only for 'destination weddings' but also for its lakes. Learn about the four best places here.

When people hear the name Udaipur, they often think of destination weddings. However, this city is steeped in history. Let's explore four famous places in this article. Udaipur, Rajasthan, is globally renowned for its destination weddings, but few people know about its lakes and historic palaces. Udaipur is also known as the 'Venice of the East.' As glorious as this city's history is, its natural beauty is equally captivating. Surrounded by the Aravalli Hills, Udaipur is an ideal tourist destination for solo travelers, couples, and families. The lakes are the city's lifeline and cultural center. Tourists from India and abroad are drawn to experience its royal grandeur, artistic streets, and rooftop cafes. If you're planning a trip to this beautiful city, let's explore four must-see places in Udaipur that should be on your bucket list. Lake Pichola - Lake Pichola is one of Udaipur's oldest and most beautiful lakes. The Lake Palace and Jag Mandir, located in the middle of the lake, add to its beauty. Evening boating is a magical experience, as the setting sun casts its rays on the water and palaces. The view of the lake from Gangaur Ghat and Ambhai Ghat resembles a painting. City Palace - Located on the banks of Lake Pichola, the City Palace is Rajasthan's largest palace complex. It was constructed by various rulers over a period of more than 400 years. The museum within the palace, the hanging gardens of Amar Vilas, and the intricate carvings of the Sheesh Mahal mesmerize tourists. The palace's windows offer a panoramic view of the entire lake and the city. Fateh Sagar Lake - Located north of the city, Fateh Sagar Lake is known for its cleanliness and tranquil atmosphere. The lake has three islands, one of which houses the Nehru Garden and the other the Udaipur Solar Observatory. Boating and the food stalls along the banks are major attractions for tourists. An evening stroll here is a refreshing experience. Sajjangarh - Situated on a high peak in the Aravalli range, Sajjangarh Palace, also known as the Monsoon Palace, was built by Maharana Sajjan Singh to observe the monsoon clouds and serve as a hunting ground. The panoramic view of the entire Udaipur city and the lakes from here is unmatched. It is one of the best places in Udaipur to watch the sunset. A trip to Udaipur is incomplete without visiting these four places. Whether you're a history buff or simply enjoy being close to nature, this city will not disappoint.



# Colors can be harmful to children and animals. Learn how to take care of them.

Holi is a festival of colors that everyone celebrates with joy. However, it's crucial to take care of small children and pets while playing with colors. Let's explore this in detail in this article. The festival of Holi symbolizes joy, colors, and togetherness, but in this excitement, we often forget the safety of our innocent children and pets. Most colors available in the market contain harmful chemicals like lead, chromium, and mercury, which can cause rashes on children's delicate skin and irritation in the eyes. These colors are even more dangerous for animals. Pets' skin is more sensitive than humans', and they often lick their bodies clean, which can cause toxic chemicals to enter their stomachs. This can cause vomiting, diarrhea, breathing difficulties, and severe allergic reactions. Therefore, if you have small children and pets in your home, it's crucial to take certain precautions while playing Holi. Let's explore this in detail in this article. Adopt a 'natural' Holi for children - To protect children's skin and eyes, use only good quality colors or homemade flower colors. Before playing Holi, apply a thick layer of coconut oil or moisturizer to children's bodies to prevent the colors from penetrating the skin. Dress young children in full-sleeved clothing and discourage them from using water balloons, as they can cause eye or ear injuries. Also, be careful not to let any color get into their eyes or mouth. Keep pets away from colors - Keep your pet dog or cat in a quiet room, away from the chaos of Holi. If they accidentally get colored, wash them immediately with a mild pet shampoo. Remember to never use kerosene or spirits to clean them. Also, when taking them out, use a leash to keep them tethered so that no one can accidentally throw colors on them. Take special care with food and drink: Holi dishes like gujiyas, sweets, and fried foods can upset children's stomachs. So, ensure children consume these foods in limited quantities appropriate to their age. Ensure children drink plenty of water. Avoid giving these foods to pets. Chocolate, raisins, and foods high in sugar can be especially harmful to dogs. Give them only their regular pet food. Celebrate the festival responsibly: A good and safe Holi is one in which no living creature feels unsafe. If your pet has difficulty breathing or your child appears uncomfortable due to the colors, contact a doctor immediately. Don't cause others discomfort in your happiness. This year, celebrate an eco-friendly and animal-friendly Holi and send a positive message to society.



